समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# सोना सस्ता हुआ या महंगा ? जाने 11 जुलाई 2025 को दिल्ली, मुंबई समेत प्रमुख शहरों मे ताजा रेट।

Publisher

Published on 11 Jul 2025



**अमेरिकी टैरिफ और डॉलर मे मजबूती के बीच सोने की कीमतों मे उतार-चढ़ाव जारी, जानिए आज आपके शहर मे सोना और चांदी का ताजा भाव।**

**Gold price:** आज सोना महंगा हुआ या सस्ता ? जानें **11 जुलाई 2025** को आपके शहर का ताजा रेट। दुनियाभर में **भू-राजनीतिक तनाव** में कमी के बावजूद **वैश्विक आर्थिक** हलचलों के बीच सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। **शुक्रवार, 11 जुलाई 2025** को भी **भारतीय बाजार मे सोने-चांदी** के दाम में बदलाव देखने को मिला।

**दिल्ली, मुंबई समेत प्रमुख शहरों मे सोने के दाम**

**राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली मे 24 कैरेट सोना 98,560 रुपये प्रति 10 ग्राम** की दर से बिक रहा है। वहीं **मुंबई, कोलकाता, बेगंलुरु, चेन्नई और हैदराबाद मे 24 कैरेट सोने का रेट 98,410 रुपये** है।

**22 कैरेट सोना दिल्ली मे 90,360 रुपये** और बाकी प्रमुख शहरों में **90,210 रुपये प्रति 10 ग्राम** के भाव पर कारोबार कर रहा है।

**चांदी के दाम मे गिरावट**

चांदी के भाव में आज गिरावट देखने को मिली। **दिल्ली, मुंबई** और **कोलकाता** में चांदी 1,09,900 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बिक रही है, जबकि चेन्नई में इसका भाव 1,20,000 रुपये है।

**अमेरिका से जुड़े घटनाक्रम का असर**

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप** द्वारा कनाडा से आयात पर नए **टैरिफ** लगाने और अन्य व्यापारिक साझेदारों को चेतावनी देने के

बाद डॉलर में मजबूती आई है। इसके चलते **अंतरराष्ट्रीय बाजार** में सोना चमक उठा है। **स्पॉट गोल्ड का भाव 0.3% बढ़कर 3,333.66 डॉलर** प्रति औंस पहुंच गया, जबकि यूएस **गोल्ड फ्यूचर्स 0.6% चढ़कर 3,345.10 डॉलर** प्रति औंस पर पहुंच गया।

**कैसे तय होती है सोने-चांदी की कीमते ?**
**सोना-चांदी** के दाम प्रतिदिन बदलते हैं, जिन पर कई कारक असर डालते हैं, जैसे:
१. **डॉलर का उतार-चढ़ाव**
२. **एक्सचेजं रेट मे बंदलाव**
३. **सीमा शुल्क**
४. **अंतरराष्ट्रीय बाजारों मे अंनिश्चितता**

जब भी वैश्विक स्तर पर संकट या अनिश्चितता बढ़ती है, निवेशक **शेयर बाजार** से पैसे निकालकर सोने में निवेश करना सुरक्षित मानते हैं। भारत में सोने की मांग **सामाजिक** और **आर्थिक** दोनों रूप से महत्वपूर्ण मानी जाती है। **शादी-ब्याह, त्योहार** और **पारिवारिक समृद्धि** का प्रतीक होने के कारण इसकी डिमांड लगातार बनी रहती है।

आज सोने के दामों में हल्की तेजी देखने को मिली है, जबकि चांदी के भाव में मामूली गिरावट रही। आने वाले दिनों में वैश्विक आर्थिक संकेतकों के आधार पर कीमतों में और बदलाव संभव है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.